# विधायक बराला ने आष्टीकलाँ में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**चौमूं / कालाडेरा।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आष्टीकलाँ में शुक्रवार को विभिन्न जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने क्षेत्र में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास की महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की।

ग्राम पंचायत आष्टीकलाँ में विधायक कोष से 20 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं राज्य बजट में स्वीकृत 60 लाख की लागत से खेल मैदान से लुंगती वाले बालाजी होते हुए बांगड़ा बास की सीमा की ओर निर्मित 2 किलोमीटर डामर सड़क का भी लोकार्पण किया गया। यह सड़क ग्रामीणों की लम्बे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।



**चौमूं में आष्टीकलाँ में विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने सीसी रोड एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया।**

इसके साथ ही सांसद कोष से 24 लाख की लागत से राउमावि आष्टीकलाँ में निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों से गांव में सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,

- **60 लाख की लागत से खेल मैदान से लुंगती वाले बालाजी होते हुए बांगड़ा बास की सीमा की ओर निर्मित 2 किलोमीटर डामर सड़क का भी लोकार्पण किया**

स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में स्वीकृत विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ-साथ विधायक कोष एवं अन्य माध्यमों से भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जनहित से जुड़े विकास कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, प्रशासक संतोष देवी, सांवरमल बोचल्या, पूर्व प्रधान भगवान सहाय धाँसिल, कृष्णदत्त शर्मा, गोगराज देवंदा, बाबूलाल गढ़वाल, पूर्व सरपंच गोपीराम घोसलिया, रामपाल पिंगोलिया, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल गढ़वाल, मंडल अध्यक्ष रामकरण यादव, पूर्व सरपंच प्रभाती लाल यादव, अशोक कुमावत, एडवोकेट महेन्द्र चौधरी, हरि टोडावता, सूरजमल देवंदा, सेवाराम मावलिया, मलजी गढ़वाल, सुरेन्द्र कुमावत, लालचंद गौरा, लालचंद कुमावत, महावीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के लिए विधायक डॉ. शिखा मील बराला का आभार व्यक्त किया।

## 'वर्क पेंडेंसी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं'

**पावटा।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय विराटनगर में शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी लालाराम यादव की अध्यक्षता में राजस्व एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें अधिकारियों को लंबित कार्यों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक तहसीलदार एवं समस्त राजस्व कार्मिकों के साथ आयोजित बैठक में एसडीएम ने वर्क पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्मिक अपने दायित्वों का गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन करें। इसके बाद शाम 5 बजे से 6 बजे तक सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

## पावटा में सेवा भाव के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया

**पावटा।** उपजिला अस्पताल पावटा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस सेवा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार बंसल सहित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने सभी फार्मासिस्ट साथियों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान पीएमओ डॉ. रवि कुमार बंसल की मौजूदगी में फार्मासिस्ट टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम जानी। इस दौरान मरीजों को फल वितरित किए गए तथा उन्हें दवाओं के सही एवं सुरक्षित सेवन के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया गया। पीएमओ डॉ. रवि कुमार बंसल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अनुसार मरीजों तक सही दवा पहुंचाने, दवाओं के सुरक्षित प्रबंधन तथा मरीजों को दवा के उचित

- **पावटा उप जिला अस्पताल में फार्मासिस्टों ने जाना मरीजों का हाल, सुरक्षित दवा सेवन के प्रति जागरूक किया**

सेवन की जानकारी देने में फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ ने फार्मासिस्टों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके समर्पण को स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती बताया। कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा, जय कुमार, संदीप सिंह तंवर , अंजली सांवरिया, दिनेश स्वामी, पुरुषोत्तम योगी, दिनेश गुर्जर, मालीराम गुर्जर, विजय लक्ष्मी, सुनील नायक एवं मुकेश जाट सहित समस्त अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# चौमूं में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि के चेक वितरित किए

**चौमूं /कालाडेरा।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे स्टेशन, चौमूं के प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत श्री एस. के. पोद्दार स्कॉलरशिप 2026 का भामाशाह व मयूर फाउंडेशन की ट्रस्टी श्रीमती किरण पोद्दार एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपा निधि त्रिवेदी के आतिथ्य में वितरण किया गया इस कार्यक्रम के तहत गोविन्दगढ ब्लॉक के 10 राजकीय विद्यालयों के 22 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप व 6 शिक्षकों को सपरिवार भ्रमण यात्रा हेतु कुल 16 लाख 82 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई जिसके अंतर्गत मोरीजा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की निकिता मीणा को एक लाख इक्यावन हज़ार रुपए, इटावा भोपजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कृष्ण कुमार




**विद्यार्थियों को माता-पिता व विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ माल्यार्पण कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ।**

सैनी , सिंगोदकला की आरती कंवर व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं की हिमांशी सोनी को एक- एक लाख रुपए,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा की रीना यादव व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की किरण सैनी को इक्यावन-इक्यावन हज़ार रुपए सहित 22 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि के चेक वितरित किए गए।

उन्होंने विश्वास दिलाया की प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन में सदैव सहयोग दिया जाएगा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपा निधि त्रिवेदी ने क्षेत्र की सबसे बड़ी स्कूल स्कॉलरशिप तथा विद्यालयों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने, विद्यार्थियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए पोद्दार परिवार का आभार व्यक्त किया पीएम श्री के उपप्राचार्य महेश कुमार शर्मा ने बताया की विद्यार्थियों को माता -पिता व विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ माल्यार्पण कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

इस दौरान सीएस आर हेड मुकेश कुमार सिंह, विष्णु कुमार शर्मा, सिंगोंदकला प्रधानाचार्य रमेश बुटोलिया, मोरीजा उपप्राचार्य मुकेश हाटवाल, प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत शर्मा सहित विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य संगीता शर्मा व सुनीता चौधरी ने किया।

# अलवर नगर निगम की पहली महापौर सुमनलता ने पदभार सम्भाला

**अलवर।** अलवरकी जनता जो मुराद भगवान से मांगी थी वो कबूल हो गई है यानि की शुक्रवार को अलवर की प्रथम महापौर सुमन लता अग्रवाल ने पदभार ग्रहण कर लिया है अब अलवर का विकास महापौर पति अजय अग्रवाल के विजन पर होगा वो दिन दूर नही जब अलवर फर्जी तरीके से सफाई रेकिग में अव्वल नही आने वाला अब यहा महापौर और उप महापोर वो शक्ति है जो शहर का सम्पूर्ण विकास कराने का मादा रखते है यहां लूट-खसोट की कोई गुंजाईश नही हर काम समय अवधि में पूरा होगा।

अलवर नगर निगम की पहली महापौर के रूप में भाजपा की सुमनलता अग्रवाल ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। महापौर के चेंबर में पहुंचने के बाद उन्होंने कुर्सी पर बैठने से पहले पूजा-अर्चना की। पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई। इसके बाद सुमनलता अग्रवाल ने महापौर की कुर्सी संभाली। मौके पर मौजूद लोगों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और खुशी मनाई।

पदभार ग्रहण के दौरान महापौर के चेंबर में महिलाओं की खासी भीड़ रही। समर्थकों और परिचितों ने भी उन्हें बधाई



**अलवर की प्रथम महापौर सुमन लता अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया।**

दी। नगर निगम में पहली बार महापौर का पद संभालने के साथ ही सुमनलता अग्रवाल के सामने अब शहर से जुड़े कई मुद्दों पर काम करने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले 21 सितंबर को हुए अलवर नगर निगम के पहले महापौर चुनाव में सुमनलता अग्रवाल ने कांग्रेस की कमलेश शर्मा को हराया था। चुनाव में सुमनलता अग्रवाल को 42 वोट मिले, जबकि कमलेश शर्मा को 23 वोट मिले। 65 सदस्यीय नगर निगम में महापौर बनने के लिए 33 वोट जरूरी थे। चुनाव से पहले भाजपा के 28, कांग्रेस के 23, निर्दलीय 13 और बसपा का एक पार्षद था। चुनाव परिणाम के बाद सुमनलता अग्रवाल के महापौर बनने के साथ अलवर नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बना।

सुमनलता अग्रवाल वार्ड 7 से पार्षद चुनी गई थीं। महापौर चुनाव के दौरान भाजपा के पास अपने दम पर बहुमत नहीं था, ऐसे में निर्दलीय पार्षदों और बसपा पार्षद का समर्थन महत्वपूर्ण रहा। परिणाम में भाजपा प्रत्याशी को 42 वोट मिले, जो भाजपा के 28 पार्षदों की संख्या से अधिक थे।

अब पदभार ग्रहण करने के बाद नगर निगम के कामकाज और शहर में विकास कार्यों को लेकर महापौर की भूमिका अहम रहेगी।

## विकसित भारत में युवाओं की भगीदारी पर विचार साझा किए

**भरतपुर।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाईव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें जिलेभर के युवाओं ने भाग लेकर संवाद में भगीदारी निभातें हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं के विचारों को सुना। राज्यसभा सांसद एवं अध्यक्ष नितिन नवीन के मुख्य अतिथ्य एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं ने विकसित राजस्थान एवं विकसित भारत के लिए किए जा रहे योगदान एवं नवाचारों की जानकारी देकर विचारों को साझा किया। इस अवसर पर युवाओं ने राज्यसभा सांसद नितिन नवीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड के विचारों को सुना तथा सीधा संवाद किया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थाओं, एनसीसी स्काउट के युवाओं ने उपस्थित रहकर विचार साझा किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा, माई भारत के उपनिदेशक सुनील राना सहित शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जलाशय पर चढ़े युवक को उतारने गए पुलिसकर्मियों पर मधुमक्खियों का हमला

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर के मुगल-सिंधी मोहल्ला स्थित जलदाय विभाग के उच्च जलाशय पर शुक्रवार की सुबह करीब 7:00 बजे एक युवक को आसपास के लोगों ने चढ़े हुए देखा। युवक टंकी पर चारों ओर घूम रहा था, कभी रेलिंग को पकड़कर नीचे की ओर झुक रहा था तो कभी नीचे बैठ जाता। आसपास के लोगों ने युवक की हरकत को देखा तो वे भौचक्के हो गए। युवक टंकी पर से कहीं गिर न जाए तो लोगों ने आवाज लगाकर नीचे उतरने की गुहार लगाई। युवक कभी नीचे लेट जाता तो कभी रेलिंग को पकड़ कर लटकने की कोशिश करता, इसको देखकर लोगों का कलेजा मुंह तक आ गया।

जानकारी मिलने पर वार्ड 13 के पार्षद अपना जरूरी काम छोड़कर प्रकाश सोनी भी मौके पर पहुंचे। मौके की नजाकत को देखकर तुरंत प्रभाव से सांभर पुलिस को घटना की इत्तिला दी गई। मौके पर करीब पांच पुलिसकर्मी पहुंचे, जिन्होंने भी युवक को नीचे उतरने के लिए कई दफा आवाज लगाई, लेकिन युवक नीचे उतरने को ही राजी नहीं हूआ। उसकी हरकत से किसी अनहोनी घटना को ध्यान में रखते हुए जांबाज पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए टंकी पर गुपचुप चढ़ाई की व टंकी पर बैठे युवक की टांग पकड़

- **मधुमक्खियों के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए जिनका उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया**

ली। पुलिस कर्मियों के लिए यह किसी चैलेंज से कम नहीं था, क्योंकि टंकी पर चार मोटे-मोटे मधुमक्खियों (भंवरा मक्खी)के छत्ते लटके हुए थे, जिनके आसपास थोड़ी बहुत मधुमक्खियां भी मंडरा रही थी।

युवक की ओर से ऐसी हरकत की गई की मधुमक्खियां छत्तों से बाहर निकलकर पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ी, जैसे तैसे पुलिसकर्मी नीचे भाग कर आए और मधुमक्खियां से बचने के लिए युवक को साथ लेकर सड़क पर ही बचते हुए दौड़ने लगे। मधुमक्खियों ने भी उनका पीछा नहीं छोड़ा और उनके हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए जिनका उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि युवक अर्ध विक्षिप्त है। युवक यहां कैसे आया और कहां का है पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

**कोटपूतली।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक अर्चित चतुर्वेदी एवं जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा उनके पास संचालित कैंटीन, कैफेटेरिया, भोजनालय, रेस्टोरेंट एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण जांच अभियान चलाया जा रहा है।

विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जांच दल द्वारा 24 सितंबर को जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। दल द्वारा एकलव्य डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोटपूतली के मेस में निर्मित सब्जियों के नमूने लिए गए।

वहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। इसी प्रकार कोटपूतली स्थित बीडीएम अस्पताल में संचालित बीडीएम कैंटीन का निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। कोटपूतली के आशीर्वाद अस्पताल के पास स्थित

- **सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने एवं खाद्य पदार्थ खुले में पाए जाने पर प्रतिष्ठानों को दिए इम्प्रूवमेंट नोटिस**

क्ल्यूज कोटपूतली कैफे रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर दही एवं ग्रेवी के नमूने लिए गए तथा फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

जांच दल द्वारा कृष्णा अस्पताल के पास स्थित स्टार होटल एंड रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर खाद्य तेल का नमूना लिया गया। फर्म की रसोई में खाद्य पदार्थों का उचित रखरखाव नहीं होने एवं साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। कोटपूतली स्थित छीपा ढाबा एंड स्वीट्स का निरीक्षण कर बेसन लड्डू का नमूना लिया गया। यहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने एवं खाद्य पदार्थ खुले में बिना ढके पाए जाने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

# मनोहरपुर में अर्जुन मोहनपुरिया ने चेयरमैन की कमान संभाली

**मनोहरपुर ।** नगर पालिका मनोहरपुर के नवनिर्वाचित चेयरमैन अर्जुन मोहनपुरिया ने शुक्रवार को विधायक मनीष यादव की मौजूदगी में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान नवनिर्वाचित वाइस चेयरमैन सुरज्ञान गुर्जर सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण के अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। सभी वार्डों में आवश्यकता और प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित चेयरमैन अर्जुन मोहनपुरिया ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी



**पदभार ग्रहण समारोह में उमड़ा जनसमर्थन, विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया।**

सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

वही वाइस चेयरमैन सुरज्ञान गुर्जर ने कहा कि चेयरमैन, पार्षदों और अधिकारियों के साथ मिलकर नगर पालिका के विकास को गति देने के लिए पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों ने नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। समारोह में धर्मवीर, रामजीलाल, बाबूलाल, गिरधारी, पंकज, कालू, सुनील, कानसिंह, विजय, गणेश, सुमन

- **चेयरमैन की कुर्सी संभालते ही अर्जुन का बड़ा संकल्प-हर वार्ड में होगा समान विकास**

बेनीवाल, शमा बानो, शमा, कृष्णा रातावाल, ज्योति खजोतिया, रूखसाना, शशिकांत बेनीवाल, महेश, दिनेश, महावीर, अशोक, अंजना, सुनीता और कैलाश सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नाथु सैनी, पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष अल्लादिन खान, नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया, सेवादल नगर अध्यक्ष राकेश हलकारा, पूर्व पार्षद राजेंद्र पलसानिया, हेमचंद, ओमप्रकाश बागड़ी, रामनारायण सरपंच, धोलाराम, जितेंद्र शर्मा, बाबूलाल, इमरान, मुनीर मनियार, महेश, कैलाश , रवि, दीपक, जगदीश, हनुमान और राजू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### राजगढ़ पालिका नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी सैनी ने कार्यभार संभाला



**राजगढ़।** राजगढ़ कस्बे की नगर पालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी सैनी ने शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी, उपाध्यक्ष सर्वेश सैनी, के नेतृत्व में नवनिर्वाचित सभी पार्षदों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर पालिका राजगढ़ के पूर्व अध्यक्षों का स्वागत सम्मान किया गया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी एवं उपाध्यक्ष सर्वेश सैनी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रेखा देवी सैनी ने राजगढ़ क्षेत्र में बिजली पानी एवं सफाई की समस्या के समाधान को प्रमुख वरीयता देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता बन्ना राम मीणा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, उपखंड अधिकारी सीमा मीणा, अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा,सांसद प्रतिनिधि उज्जवल, एवं प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्ष, सामाजिक एवं व्यापारिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सहित कस्बे के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### भरतपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत

**भरतपुर।** भरतपुर के उद्योग नगर थाना इलाके में जघीना रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रात करीब 3 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान जघीना निवासी 26 वर्षीय राजेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जघीना निवासी राजेंद्र रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान उद्योग नगर थाना पुलिस को जघीना रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस की सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान राजेंद्र के रूप में की। पुलिस के अनुसार युवक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद होगी। उद्योग नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### नेत्र शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम मलपुरा स्थित रिवाला धाम मंदिर में स्व. राजेंद्र प्रसाद हिंदू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 200 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जबकि 45 मरीजों के ऑपरेशन की तिथि निर्धारित की गई। जिनके ऑपरेशन मिश्री देवी हॉस्पिटल में होंगे। स्वामी गणेशानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने राजेंद्र प्रसाद हिंदू को समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं परमार्थी व्यक्तित्व बताते हुए उनके समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, कैलाश दास महाराज, अनिल आचार्य, श्रीराम सरपंच, सुमेर राठी, पूरणमल भरगड़, एसीबीईओ पूरण कसाना, आशा बगड़िया, राजपाल डोई, धर्मपाल सरपंच, गजेंद्र सरपंच सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। परिवारजनों, एलिट ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों, बजरंग दल, विष्व हिंदू परिषद एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अतिथियों का साफा बांधकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर चल रही 70 वीं खो-खो प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता का समापन 26 सितंबर को होगा।

### कनेसर में तेजाजी महाराज का दो दिवसीय मेला शुरू

**निवाई।** गांव कनेसर में स्थित प्रसिद्ध तेजाजी धाम पर वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज का दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मेले को लेकर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी रात तेजाजी के जयकारों से कनेसर की धरा गूंजती रही। मेला समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गौतम एवं समाजसेवी राजेश कनेसर ने बताया कि मेले को लेकर आयोजित विशाल जागरण में बासखो, मित्रपुरा, बौंली, छांदेल, केशवपुरा, कोटखावदा, काचरिया, सूर्या, बासड़ा, हनोतिया, राहोली, फागी, सेदरिया, कौथून, श्यामपुरा कला, चैनपुरा, गोपालपुरा, सुरसरा, डागरथल, पहाड़ी, गुंसी, चनानी, हरभावता, बिडोली, बालापुरा व झिलाय सहित दर्जनों गांवों की तेजा भजन मंडलियों ने वीर तेजाजी की महिमा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज के दरबार में धोक लगाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। तेजाजी के घोड़ले द्वारा दुखियारों व पशुओं के पाती बांधकर उनका इलाज किया गया। तेजाजी की घोड़ी का सजीव नृत्य रात भर आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा।

### विभिन्न कैंटीनों व रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थ के लिए नमूने लिये

**टोंक।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में चिकित्सा संस्थानों में संचालित कैंटीनों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी व उनकी टीम ने निरीक्षण कर नमूना संग्रह की कार्यवाही की है। इस दौरान टीम ने शहर स्थित माही हॉस्पिटल व जयपुर आई हॉस्पिटल के आस पास संचालित कैंटीनों व रेस्टोरेंट पंडित पवित्र भोजनालय से खाद्य पदार्थ नमकीन व पनीर का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया, वही पंढरपुरी चाय कंपू एरिया का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर कई प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार अभियान के मालपुरा क्षैत्र स्थित केंद्रीय भेड़ एवं अनुसंधान केंद्र, अविका नगर, परिसर में संचालित कैंटीनों की रसोई का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। इसके साथ ही परिसर में स्थित डिस्पेंसरी के पास संचालित रेस्टोरेंट एवं किराना स्टोर से अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इनमें घी, श्री अमृत/अन्य पैक्ड खाद्य सामग्री, स्वागत ब्रांड की नमकीन तथा साज केसरी चाय के नमूने शामिल हैं।

### तीन दिवसीय 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का शुभारंभ

**कोटपूतली।** 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के अंतर्गत जिले में तीन दिवसीय 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का शुक्रवार को उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। 25 से 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर जिले के 486 आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया , आगामी दिनों में जिले के सभी 1263 आगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों के योगदान को सम्मानित करने के साथ ही समुदाय के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों को माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा के लिए लिखे गए पत्र तथा प्लांटर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानदेय कार्मिकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज एवं सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक तेजप्रकाश अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत नारेहड़ा, चिमनपुरा एवं पूरननगर के आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों से संवाद करते हुए विभाग की ओर से उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किए।